कोटद्वार, गुरूवार
16 अक्टूबर 2025
वर्षः 47
अंकः 157 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### रोडवेज बस ने खड़ी स्कूल बस को मारी टक्कर

उत्तरकाशी। यमुनोत्री हाईवे पर दोबाटा के समीप एक रोडवेज ने बच्चों को बैठा रही खड़ी स्कूल बस को टक्कर मार दी। इसमें 14 छात्र–छात्राएं घायल हो गए जिन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। वहां पर एक गंभीर छात्र को हायर सेंटर रेफर किया गया। वहीं बस में सवार दो लोगों को हल्की चोटें आई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। एक निजी विद्यालय की स्कूल बस दोबाटा के समीप बच्चों को बैठा रही थी। तभी अचानक बड़कोट की ओर से आ रही रोडवेज बस ने अनियंत्रित होकर स्कूल बस को पीछे से टक्कर मार दी। बसों के टकराते ही बच्चों में चीख पुकार मच गई। घटना के समय बस में 30 बच्चे सवार थे। उसमें से 14 बच्चे चोटिल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायल बच्चों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया।वहीं रोडवेज बस चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अगर टक्कर के बाद स्कूल बस आगे बढ़ जाती तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। घायल बच्चों का सीएचससी बड़कोट में उपचार चल रहा है। वहीं एक गंभीर रूप से घायल बच्चे को हायर सेंटर रेफर किया गया है।वहीं स्थानीय लोगों ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि उसकी एक गलती से बहुत बड़ी दुर्घटना हो गई थी। सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉ. अंगद राणा ने बताया है कि बस की भिड़ंत में घायल बच्चों का उपचार किया जा रहा है। उनमें से एक बच्चे अक्षांत के सिर पर चोट लगने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

### अडानी ग्रुप ने की केदारनाथ यात्रा को आसान बनाने की बड़ी घोषणा

देहरादून। उत्तराखंड में स्थित केदारनाथ धाम के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा आने वाले समय में और ज्यादा आसान होने वाली है। दरअसल देश के सबसे बड़े औद्योगिक समूह में से एक अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने बुधवार को इस तीर्थस्थल पर एक नया रोपवे निर्माण करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस रोपवे को बनाने का उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए तीर्थयात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाना है। उन्होंने इस परियोजना का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त किया और भगवान महादेव से सभी के लिए आशीर्वाद मांगा। इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने लिखा, 'केदारनाथ धाम की कठिन चढ़ाई अब आसान होगी। अदाणी समूह श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए यह रोपवे बना रहा है। इस पुण्य कार्य का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। महादेव सब पर अपनी कृपा बनाए रखें। जय बाबा केदारनाथ!'अपनी पोस्ट के साथ अडानी ने लगभग दो मिनट का एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें बताया गया कि यह रोपवे सोनप्रयाग से केदारनाथ तक के लगभग 12.9 किलोमीटर लंबे मार्ग में बनाया जाएगा और इसके पूरा होने के बाद यात्रा में लगने वाला 8 से 9 घंटे का समय भी घटकर मात्र 36 मिनट हो जाएगा। इस रोपवे की कोंडोला (डिब्बों) में 35 सीटों की व्यवस्था होगी। जिसके चलते इसकी मदद से हर घंटे 1800 यात्री प्रति दिशा में यात्रा कर सकेंगे।

### म्यूचुअल फंड कंपनी में 93 लाख की धोखाधड़ी

रुद्रपुर। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड में 93 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि कंपनी की हल्द्वानी शाखा के ब्रांच ऑपरेशन्स एग्जिक्यूटिव और ब्रांच मैनेजर समेत सात लोगों ने सिस्टम एक्सेस और डिजिटल हस्ताक्षरों का दुरुपयोग कर कई जाली हलफनामे और बैंक घोषणाएं तैयार कीं और निवेशकों के रिकॉर्ड में हेरफेर कर वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दिया। साइबर क्राइम थाना पंतनगर ने कंपनी के अधिकृत अधिकारी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कंपनी के अधिकृत अधिकारी सचित मेहरा ने तहरीर में आरोप लगाया कि ब्रांच ऑपरेशन्स एग्जिक्यूटिव गौरव कुमार गर्ग ने अपने साथी रिलेशनशिप मैनेजर योगेश वरूण और ब्रांच मैनेजर विनोद प्रकाश के साथ मिलकर निष्क्रिय निवेशक खातों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पैन, ई–मेल, मोबाइल और बैंक खाते बदल दिए।

## पाकिस्तान की अब खैर नहीं

# वायुसेना शामिल करेगी 200 किमी रेंज वाली मिसाइल



नई दिल्ली ,रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अस्त्र मार्क–2 एयर–टू–एयर मिसाइल की रेंज 200 किलोमीटर से अधिक करने पर काम कर रहा है। पहले इसे लगभग 160 किलोमीटर के करीब बताया गया था, लेकिन अब इसकी हेड–रेंज को और बढ़ाकर 200 किलोमीटर से ऊपर लाने का प्रयास चल रहा है। रक्षा मंत्रालय इस प्रस्ताव पर जल्द ही विचार–विमर्श करेगा। अस्त्र मार्क–2 एक बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल है – अर्थात यह आंखों की दूरी से बाहर रहकर ही लक्ष्य के खिलाफ प्रहार करने के लिए डिजाइन की गई है। सूचना के अनुसार भारतीय वायु सेना (आईएएफ) करीब 700 ऐसी मिसाइलों की खरीद कर सकती है; इनको सुखोई व लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) पर लॉंचर के रूप में स्थापित किया जाएगा। डीआरडीओ ने अस्त्र परिवार के विकास में कई सार्वजनिक और निजी संस्थानों को शामिल किया है। इसमें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) समेत 50 से अधिक कंपनियों और कई प्रयोगशालाओं का योगदान मिला है। इसके अलावा अस्त्र मार्क–1 की रेंज 100 किलोमीटर से ऊपर बताई जाती है और उसमें आधुनिक गाइडेंस व नेविगेशन सिस्टम लगाए गए हैं। खुफिया व सैन्य सर्किलों में यह माना जाता है कि यदि अस्त्र मार्क–2 की रेंज 200 किलोमीटर से अधिक हो जाती है तो यह क्षेत्रीय स्तर पर उपलब्ध कुछ प्रतिस्पर्धी मिसाइलों की तुलना में आगे रहेगा। पाकिस्तान की वायुसेना के पास भी लंबी–रेंज क्षमताओं वाली मिसाइलें हैं – उदाहरण के तौर पर उनके एफ–16 विमानों पर लगे –120 सी–5 एएमआरएएएम की रेंज लगभग 100झ120 किलोमीटर बताई जाती है। कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि पाकिस्तान ने चीन के पीएल–15 (एक्सपोर्ट वर्जन) खरीदे हैं, जिनकी रेंज करीब 145 किलोमीटर बताई जाती है।

### दिवाली–छठ पर रेलवे का बड़ा फैसला, इन 5 बड़े स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद

नई दिल्ली ,। दीपावली और छठ पूजा के त्योहारों पर यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रेलवे ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आज से यानी 15 अक्टूबर से दिल्ली और गाजियाबाद के पांच प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। यह प्रतिबंध 28 अक्टूबर तक लागू रहेगा। इस दौरान सिर्फ कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर प्रवेश की अनुमति होगी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह निर्णय नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, हजरत निजामुदीन, आनंद विहार टर्मिनल और गाजियाबाद रेलवे स्टेशनों के लिए लिया गया है। इस अवधि में टिकट काउंटरों के साथ–साथ मोबाइल ऐप और ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों से भी प्लेटफॉर्म टिकट जारी नहीं किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि त्योहारी सीजन में यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा हो जाता है। ऐसे में यात्रियों को छोड़ने आने वाले परिजनों की वजह से प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ बढ़ जाती है, जिससे व्यवस्था बनाए रखने में मुश्किल होती है।

# बिहार चुनाव : भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट

### मैथिली ठाकुर को इस सीट से मिला टिकट



पटना ,बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों ने अपनी–अपनी तैयारी तेज कर दी है। पार्टियों की ओर से उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की, जिसमें लोक गायिका मैथिली ठाकुर का भी नाम है।

एक दिन पहले प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी और दूसरे दिन यानी बुधवार को भाजपा ने उन्हें अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतार दिया। पार्टी की दूसरी लिस्ट में 12 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है। भाजपा की दूसरी लिस्ट के अनुसार, अलीनगर से मैथिली ठाकुर, हायाघाट से राम चंद्र प्रसाद, मुजफ्फरपुर से रंजन कुमार और गोपालगंज सीट से सुभाष सिंह को टिकट मिला, जबकि बनियापुर से केदार नाथ सिंह, छपरा से छोटी कुमारी, सोनपुर से विनय कुमार सिंह और रोसड़ा से बीरेंद्र कुमार चुनाव मैदान में हैं। बाढ़ विधानसभा क्षेत्र से डॉ0 सियाराम सिंह, अगिआंव से महेश पासवान, शाहपुर से राकेश ओझा और बक्सर से रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा को टिकट मिला।

एक दिन पहले भाजपा ने 71 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट में दोनों डिप्टी सीएम और पूर्व डिप्टी सीएम समेत बिहार के कई मंत्रियों को टिकट दिया गया है। पार्टी ने बताया कि इसमें सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, तारकिशोर प्रसाद, रेणु देवी, प्रेम कुमार, मंगल पांडे, कृष्ण कुमार, राम नारायण मंडल और नितिन नबीन का नाम शामिल हैं। भाजपा की ओर से बताया गया कि जहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तारापुर विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे तो वहीं डिप्टी सीएम विजय सिन्हा लखीसराय से भाजपा के उम्मीदवार होंगे। इसके साथ ही, पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद कटिहार से भाजपा के उम्मीदवार बनाए गए हैं। साथ ही पार्टी ने कई मंत्रियों और विधायकों को उनकी परंपरागत विधानसभा सीट से टिकट दिया है। वहीं, कुछ नए चेहरे भी सामने आए हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया 115.23 करोड़ लागत की विकास योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : जीजीआईसी चंपावत में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पुष्कर सिंह धामी ने 51.37 करोड़ की 22 योजनाओं का लोकार्पण एवं 63.86 करोड़ की 21 योजनाओं का शिलान्यास करते हुए कहा कि यह योजनाएं चंपावत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है, उनका कार्य समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श चंपावत के स्वप्न को साकार करने की दिशा में यह योजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी। कहा कि चंपावत जिला, उत्तराखंड की आत्मा है और सरकार इसे राज्य का ह्लमॉडल जिलाह्व बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता हर क्षेत्र में संतुलित और गुणवत्तापूर्ण विकास सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के साथ बैठकर भोजन भी किया।

मुख्यमंत्री ने जीजीआईसी ऑडिटोरियम में आमनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आत्मनिर्भर भारत, नशामुक्त समाज, स्वच्छता, जल संरक्षण और आदर्श चंपावत के निर्माण हेतु डिजिटल हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दायित्वधारी श्याम नारायण पांडे, अनिल डब्बू, शंकर कोरंगा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रेमा पांडे, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अचला बोहरा, बराकोट ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सीमा आर्या, भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल मेहरा, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रिटायर्ड आबकारी अधिकारी के घर छापा, 10 करोड़ की संपत्ति

ग्वालियर , मध्य प्रदेश लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्त जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के विभिन्न ठिकानों पर छापा मारा है। आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर की गई इस कार्रवाई में अब तक उनके परिवार के नाम पर लगभग 10 करोड़ रुपये की चल–अचल संपत्ति का खुलासा हुआ है। लोकायुक्त पुलिस के उपाधीक्षक सुनील तलान ने बताया कि यह छापेमारी ग्वालियर और इंदौर में भदौरिया से जुड़े सात ठिकानों पर एक साथ की गई। जांच में पता चला कि रिटायर्ड अधिकारी और उनके परिवार के नाम पर ग्वालियर और इंदौर के अलावा उत्तर प्रदेश के इटावा में भी संपत्तियां हैं।

**छापे में क्या–क्या मिला?**

डीएसपी तलान के अनुसार, अब तक की जांच में भदौरिया और उनके परिवार की 8 से 10 करोड़ रुपये की संपत्ति का पता चला है। इस छापेमारी के दौरान टीम को लगभग 1.05 करोड़ रुपये नकद, करीब 1.5 किलोग्राम सोने की सिल्लियां (गोल्ड बार) और लगभग एक किलोग्राम सोने के आभूषण बरामद हुए हैं। इसके अलावा, परिवार के पास से तीन–चार महंगी गाड़ियां भी मिली हैं और 7 से 8 बैंक खातों व लॉकर्स की जानकारी प्राप्त हुई है, जिनकी जांच की जा रही है। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि भदौरिया परिवार ने अपना पैसा फिल्मों में भी निवेश किया है।

**31 अगस्त को ही हुए थे रिटायर**

धर्मेंद्र सिंह भदौरिया इसी साल 31 अगस्त को आलीराजपुर के जिला आबकारी अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

# लव जिहादः हिंदू बनकर युवती को होटल ले गया मुस्लिम युवक

### झूठी पहचान को फर्जी पहचान पत्र भी बनवा रखा था



रुद्रपुर। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर में लव जिहाद का मामला सामने आया है। रुद्रपुर शहर के एक होटल में देर रात तब हंगामा मच गया जब एक मुस्लिम युवक हिंदू बनकर एक युवती को साथ लेकर पहुंचा। होटल प्रबंधन को जब युवक की हरकतों पर शक हुआ और मामला सामाजिक संगठनों तक पहुंचा, तो कार्यकर्ता मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पुलिस टीम होटल पहुंच गई और युवक–युवती दोनों को कोतवाली ले जाया गया। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान किच्छा निवासी के रूप में हुई है। उसने स्वीकार किया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उसने युवती से एक ब्यूटी पार्लर में काम के दौरान जान–पहचान की थी। उस समय उसने खुद को किसी दूसरे नाम से बताया था और उसी झूठी पहचान पर एक फर्जी पहचान पत्र भी बनवा रखा था।

मामले की जानकारी मिलने पर युवती के परिजन भी मौके पर पहुंचे। पूछताछ के बाद पुलिस ने युवती को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार युवक से यह भी पूछा जा रहा है कि उसने झूठी पहचान क्यों बनाई और इस पहचान पत्र का उसने अब तक किन–किन जगहों पर उपयोग किया।

एसएसआई नवीन बुधनी ने बताया कि प्रकरण की जांच चल रही है। युवक से पूछताछ जारी है और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए संबंधित विभागों को भेजे गए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार चुनाव को लेकर मनी पावर और फ्रीबीज पर चुनाव आयोग की सख्त निगरानी, आदेश जारी




नई दिल्ली , बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने चुनाव में धनबल, शराब, नशे और मुफ्त उपहारों (फ्रीबीज) के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। आयोग ने इस संबंध में सभी प्रवर्तन एजेंसियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

चुनाव आयोग ने 6 अक्टूबर को बिहार विधानसभा के आम चुनाव और 8 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की घोषणा की थी। अब आयोग ने चुनाव खर्च और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की है। चुनाव आयोग ने इस अभियान में कई एजेंसियों को शामिल किया है, जिनमें राज्य पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, आयकर विभाग, एफआईयू–आईएनडी, आरबीआई, एसएलबीसी, डीआरआई, सीजीएसटी, एसजीएसटी, कस्टम्स, प्रवर्तन निदेशालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स, सीआईएसएफ, एसएसबी, बीसीएएस, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, डाक विभाग, वन विभाग और राज्य सहकारी विभाग शामिल हैं। इन सभी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि चुनाव के दौरान धन, शराब, ड्रग्स या अन्य प्रलोभनों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके। आयोग ने चुनाव खर्च पर नजर रखने के लिए व्यय पर्यवेक्षकों को पहले ही तैनात कर दिया है। ये अधिकारी अधिसूचना जारी होते ही अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच गए हैं और वहां व्यय निगरानी से जुड़ी टीमों से मिलकर समन्वय कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि फ्लाइंग स्क्वॉड, सर्विलांस टीमें और वीडियो मॉनिटरिंग टीमें चौबीसों घंटे सक्रिय रहेंगी ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। आयोग ने बताया कि उसने इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) नाम के ऑनलाइन सिस्टम को सक्रिय कर दिया है। इसके जरिए फ्लाइंग स्क्वॉड, सर्विलांस टीमें और अन्य एजेंसियां अपने द्वारा की गई जप्ती या जब्ती की कार्रवाई की रियल टाइम रिपोर्टिंग कर सकेंगी।

### दुर्गापुर गैंगरेप केस– बंगाल पुलिस ने पीड़िता के पुरुष मित्र को किया गिरफ्तार

कोलकाता , पश्चिम बंगाल पुलिस ने मंगलवार को दुर्गापुर गैंगरेप पीड़िता के पुरुष मित्र को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही इस मामले में कुल आरोपियों की गिरफ्तारियों की संख्या छह हो गई। द्वितीय वर्ष की मेडिकल छात्रा 10 अक्टूबर की शाम को अपने पुरुष मित्र के साथ खाना खरीदने गई थी। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी मित्र के जवाबों में विरोधाभास पाए जाने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। इससे पहलेपुरुष मित्र को निजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के बाहर वन क्षेत्र में ले जाया गया ताकि पांचों आरोपियों द्वारा किए गए दावों की पुष्टि की जा सके। साथ ही, क्राइम सीन को रिक्रिएट करने के लिए अन्य आरोपियों को भी वहां ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार, पुलिस पूछताछ के दौरान पीड़िता के मित्र का जवाब असंगत था, जिसके कारण उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वह मालदा जिले का रहने वाला है। गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले आसनसोल–दुर्गापुर पुलिस आयुक्त सुनील कुमार चौधरी ने कहा कि बलात्कार पीड़िता के पुरुष मित्र की भूमिका की भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीड़िता का दोस्त, जो इन पांच आरोपियों के अलावा घटनास्थल पर मौजूद था,

# तमिलनाडु में भारी बारिश : 12 जिलों के लिए अलर्ट

### मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी



चेन्नई ,तमिलनाडु के कई हिस्सों में, खासकर चेन्नई में बुधवार को भारी बारिश जारी रही। लगातार हो रही बरसात से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया और मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों में अलर्ट जारी किया है। चेन्नई स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने चेतावनी दी है कि राज्य के पहाड़ी और तटीय इलाकों में तेज से बहुत तेज बारिश हो सकती है। दक्षिण और पश्चिम के कई जिलों में आंधी और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार, कोयंबटूर, नीलगिरी, डिंडीगुल, थेनी, विरुधुनगर, मदुरै, शिवगंगा, रामनाथपुरम, थूथुकुडी, तेनकासी, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी सहित कई जिलों में दिन के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी से भरी पूर्वी हवाएं दक्षिण भारत के ऊपर बने वायुमंडलीय दबाव तंत्र से टकरा रही हैं, जिससे बारिश बढ़ रही है। चेन्नई में सुबह से शुरू हुई बारिश रुक–रुक कर दिनभर जारी रही, जिससे कई जगह पानी भर गया। आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा और शाम के समय कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ मध्यम से तेज वर्षा हो सकती है।शहर में अधिकतम तापमान करीब 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।दक्षिण और पश्चिमी जिलों में बारिश तेज होने के कारण जिला प्रशासन को स्कूल और कॉलेज बंद करने का निर्णय स्थानीय मौसम स्थिति के आधार पर लेने को कहा गया है। हालांकि चेन्नई और चेंगलपट्टू में लगातार बारिश के बावजूद शाम तक स्कूल बंद करने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी। मौसम विभाग ने मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी है। मन्नार की खाड़ी, कुमारी सागर, केरल तट, दक्षिण–पूर्व अरब सागर और लक्षद्वीपझ्मालदीव क्षेत्र में 35 से 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और कभी–कभी 55 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है। इन क्षेत्रों में समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं, इसलिए मछुआरों को तट पर ही रहने की सलाह दी गई है।

# दिल्ली के बाद देहरादून में भी लगेगी पवित्र बौद्ध अवशेषों की प्रदर्शनी : महाराज

### राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों के सम्मेलन' का अंतिम दिन



देहरादून। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने उदयपुर, राजस्थान में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों के सम्मेलन' के अंतिम दिन कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से उत्तराखंड की समृद्ध आध्यात्मिक और प्राकृतिक धरोहरों के विषय पर भी चर्चा की। बातचीत के दौरान केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने उन्हें बताया कि भारत के पवित्र बौद्ध पिपरहवा अवशेषों को 127 वर्षों के बाद स्वदेश लाया गया है। जिनकी शीघ्र ही नई दिल्ली में प्रर्दशनी लगाई जायेगी। प्रदेश के पर्यटन मंत्री महाराज ने उक्त प्रदर्शनी को देहरादून में भी आयोजित करने का केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री महाराज ने बताया कि भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों को 127 वर्षों के बाद 30 जुलाई, 2025 को हांगकांग में नीलामी से बचाकर वापस भारत लाया गया। यह अवशेष न केवल अतीत के अंशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि भारत की स्थायी सांस्कृतिक विरासत और सॉफ्ट पावर डिप्लोमेसी का भी एक सशक्त प्रतीक हैं।


उन्होंने कहा कि स्वदेश लाये गये भगवान बुद्ध के इन पवित्र पिपरहवा अवशेषों की प्रदर्शनी का शीघ्र ही नई दिल्ली में आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

### करंट लगने से युवा हाथी की मौत

हरिद्वार। हरिद्वार डिवीजन में एक और हाथी की मौत हो गई है। मामला इसलिए गंभीर है क्योंकि पिछले हफ्ते ही इसी डिवीजन में तीन हाथी विभिन्न कारणों से मृत मिले थे। अब चौथे युवा हाथी की मौत ने डिवीजन की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बड़ी बात यह है कि एक दिन पहले ही वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने हाथी गणना की रिपोर्ट सार्वजनिक की थी। गणना रिपोर्ट के 24 घंटे के भीतर हाथी की मौतः वन विभाग और वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट समेत तमाम फॉरेस्ट से जुड़े संस्थान इस बात को लेकर खुश हैं कि देश में पहली बार हाथियों की डीएनए आधारित गणना की गई है। लेकिन हाथियों की संख्या का आंकड़ा सामने आने के बीच हरिद्वार डिवीजन से बुरी खबर सामने आई है। दरअसल, हरिद्वार रेंज के बहादराबाद क्षेत्र में एक युवा हाथी की मौत हुई है। चिंता की बात यह है कि करीब 45 साल के युवा हाथी की मौत करंट लगने से हुई है, जिसको लेकर वन विभाग जांच में भी जुट गया है। हैरानी की बात यह है कि हरिद्वार डिवीजन में ही 26 सितंबर से लेकर अब तक कुल चार हाथी मर चुके हैं। जिसमें यह दूसरा हाथी है, जिसकी मौत करंट लगने से मानी जा रही है।

# पाकिस्तान–अफगानिस्तान के बीच फिर झड़प, कई टैंक हुए तबाह

### दोनों ने चौकियां कब्जाने का किया दावा



काबुल ,अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच कुछ घंटों की शांति के बाद मंगलवार रात फिर से भीषण टकराव हुआ। यह झड़प पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में हुई, जहां पाकिस्तानी सैनिकों और अफगान तालिबान के बीच भारी गोलीबारी और टैंक युद्ध की खबर है।

पाकिस्तानी सरकारी चैनल पीटीवी के अनुसार, अफगान तालिबान और 'फित्ना अल–ख़वारिज ने बिना किसी उकसावे के गोलीबारी शुरू की, जिसके जवाब में पाकिस्तानी सेना ने पूरी ताकत से कार्रवाई की। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे की चौकियां कब्जाने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि लड़ाई में दोनों तरफ के कई टैंक नष्ट हुए हैं।

इससे पहले इन दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव को सऊदी अरब और कतर की मध्यस्थता से अस्थायी रूप से शांत किया गया था। हालांकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था कि सीमा पर हालात बेहद तनावपूर्ण हैं और किसी भी वक्त स्थिति बिगड़ सकती है। इसके कुछ ही घंटे बाद मंगलवार रात संघर्ष छिड़ गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑनलाइन ट्रेडिंग और निवेश में बड़े मुनाफे के नाम पर 6.95 लाख की ठगी

देहरादून। ऑनलाइन ट्रेडिंग और निवेश में बड़े मुनाफे का झांसा देकर मुस्लिम कॉलोनी, लक्खीबाग निवासी व्यक्ति से 6.95 लाख रुपये हड़प लिए गए। शहर कोतवाली पुलिस ने शिकायत पर साइबर धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में अब्दुल कादिर फारूकी ने बताया कि बीते चार अगस्त को उन्हें एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में जस सिंह नाम के एक व्यक्ति ने खुद को वॉल स्ट्रीट का ट्रेडर बताकर स्टॉक मार्केट की तकनीकें और ट्रेडिंग पैटर्न सिखाना शुरू किया। इसके बाद एक सितंबर को उसने अपना एक ट्रेडिंग पोर्टल बताते उसके जरिए प्री–मार्केट ट्रेडिंग करके अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। पीड़ित ने झांसे में आकर उनके बताए पोर्टल पर एकाउंट खोल लिया। इसके बाद पीड़ित ने कई किश्तों में अपने चार बैंक खातों से धोखेबाजों के बताए गए विभिन्न बैंक खातों में कुल 6.95 लाख रुपये जमा कर दिए। फारूकी ने बताया कि चार अक्तूबर को धोखेबाजों ने उनके डीमैट खाते में जमा पैसा फ्रीज कर दिया। वह अपनी रकम वापस नहीं निकाल पाए। जब उन्होंने संपर्क करने की कोशिश की तो किसी से भी संपर्क नहीं हो पाया। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दी। वहां से केस दर्ज करने के लिए मामले को शहर कोतवाली भेजा गया। शहर कोतवाल प्रदीप पंत ने बताया कि फारूकी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बच्चों के कफ सिरप की जांच को औषधि विभाग ने लिए नमूने

अल्मोड़ा। औषधि निरीक्षक पूजा जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों और आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आदेशों के अनुपालन में जिले में कफ सिरप प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए बुधवार को विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों के दो कफ सिरप के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए लिए गए। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान मेडिकल स्टोर्स पर प्रश्नगत औषधियां जैसे कोल्डरिफ सिरप, रेस्पीफ्रेश–टीआर सिरप और रिलीफ सिरप का कोई स्टॉक उपलब्ध नहीं मिला। औषधि निरीक्षक ने बताया कि जनपद के सभी मेडिकल स्टोर स्वामियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी प्रकार की खांसी या जुकाम की दवा न दी जाए। वहीं, पांच वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के लिए भी ऐसी दवाओं का उपयोग केवल चिकित्सक की जांच के बाद, उचित खुराक और न्यूनतम अवधि तक ही किया जाना चाहिए। पूजा जोशी ने कहा कि लिए गए नमूनों की रिपोर्ट लैब से प्राप्त होने के बाद यदि दवाएं मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती हैं तो ड्रग एंड कॉस्मेटिक अधिनियम, 1940 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### 30 अक्टूबर युवा महोत्सव हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि

अल्मोड़ा। जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी पिताम्बर प्रसाद ने बताया कि जनपद अल्मोड़ा में जनपद स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन आगामी 01 से 05 नवम्बर के मध्य किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि प्रतिभाग करने के इच्छुक प्रतिभागी 30 अक्टूबर तक अपना पंजीकरण जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी कार्यालय कमरा नम्बर 415, विकासभवन परिसर, अल्मोड़ा में किसी भी कार्यदिवस में करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में सामुहिक लोक नृत्य, सामुहिक लोक गीत, घोषणा/भाषण, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन की विधायें शामिल है।

# अवैध पटाखे भंडारण और विक्रय पर करें सख्त कार्रवाई : डीएम

### डीएम ने तहसील का किया निरीक्षण, रिकॉर्ड सुव्यवस्थित रखने व वसूली में तेजी के दिए निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बुधवार को कोटद्वार तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न अभिलेखों, पंजिकाओं एवं न्यायालयी रिकॉर्डों का गहन अवलोकन करते हुए सभी अभिलेखों को सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रूप में संधारित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बिना लाइसेन्स पटाखों का भंडारण एवं विक्रय नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने चिह्नित सुरक्षित स्थानों पर ही विक्रय की अनुमति दिए जाने तथा इनका नियमित निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए।



तहसीलदार कक्ष में विवेकाधीन कोष के वितरण संबंधी पावती पंजिका का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने को कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित पावतियों का विवरण 31 अक्टूबर तक उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। वसूली की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिक संख्या में अमीनों की तैनाती के बावजूद वसूली की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और दैनिक वसूली कार्यवाही को पंजिका में दर्ज करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डाक पंजिका को सुव्यवस्थित रखने, विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों का नियमित निस्तारण करने तथा शिकायतकर्ताओं को निस्तारण की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने को कहा।

साथ ही उन्होंने शिकायतों का समाधान कर आवेदक को भी सूचित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आधुनिक भू-अभिलेख कक्ष का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अविवादित नामांतरण प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु विशेष कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एसडीएम कोर्ट की केस डायरी एवं शिकायत पंजिका में अस्पष्ट प्रविष्टियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि वादों की सुनवाई की तिथि पीठासीन अधिकारी स्वयं निर्धारित करें। उन्होंने पीठासीन अधिकारी को कोर्ट में नियमित बैठने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वैयक्तिक सहायक कक्ष एवं शौचालय की मरम्मत, सुधारीकरण तथा तहसील परिसर की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य, तहसीलदार साक्षी उपाध्याय, कानूनगो अतर सिंह, नाजिर अशोक चौहान सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### पुराने लंबित वादों का शीघ्र निस्तारण करें

जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने नजारत अनुभाग, मीटिंग हॉल एवं तहसील परिसर में प्रदर्शित दस बड़े बकायेदारों की सूची का भी अवलोकन किया और बकाया वसूली के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने सबसे पुराने लंबित वादों की पत्रावलियां का अवलोकन किया तथा इन्हें फास्ट ट्रैक कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों, भूतपूर्व सैनिकों तथा अधिवक्ताओं से भी वार्ता की। उन्होंने उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

#### प्रमाण पत्रों एवं जनता की शिकायतों का हो समयबद्ध निस्तारण

जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने फरियादियों की शिकायतें भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसीलों में अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव, पारदर्शी वसूली व्यवस्था और त्वरित निस्तारण सुशासन की पहचान है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक कार्य में समयबद्धता और जवाबदेही हो, ताकि आमजन को त्वरित व प्रभावी सेवा प्रदान की जा सके।

## गायत्री तीर्थ दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा का मसूरी में किया स्वागत

देहरादून। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार में प्रज्ज्वलित अखंड दीपक के सौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित दिव्य ज्योति कलश रथयात्रा के मसूरी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश के दर्शन किए व आरती में भाग लिया। गायत्री तीर्थ दिव्य ज्योति कलश यात्रा पहले सनातन धर्म मंदिर प्रांगण में पहुंची, जहां श्रद्धालुओं व मदिर समिति ने यात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश के दर्शन किए, उसके बाद दुर्गा मंदिर बड़ामोड़ राधाकृष्ण मंदिर कुलड़ी, सनातन धर्म मदिर लंढौर, लक्ष्मीनारायण मंदिर किताब घर से होते हुए नागराजा मंदिर क्यारकुली पहुंची व वहां से वापस लौट गयी। सभी जगह ज्योति रथ यात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने दर्शन किए व आरती में प्रतिभाग कर लाभ उठाया। दिव्य ज्योति कलश यात्रा समन्वयक उत्तराखंड दिनेश मैखुरी ने बताया कि पंडित श्रीराम शर्मा ने हिमालयन गुरु के द्वारा एक दीपक 18 जनवरी 1926 में जन्म स्थली आवंल खेड़ा में पूजा स्थल पर प्रज्ज्वलित किया गया था। इसके सौ साल पूरे होने जा रहे हैं। जिसका शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। गुरुदेव के उपासना के सौ साल पूरे हो रहे हैं, यह त्रिवेणी योग है जो 2026 में हरिद्वार में मनाया जायेगा। इसमें भारत को विश्वगुरू बनाने, चक्रवर्ती सम्राट बनाने, व भारत को सोने की चिड़िया बनाने के लिए आधार शिला रखी जायेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि शांतिकुज गायत्री परिवार द्वारा दिव्य ज्योति रथ यात्रा मसूरी पहुंची है,

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अल्मोड़ा। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के दिशा–निर्देशों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा के अध्यक्ष श्रीकांत पांडे के मार्गदर्शन में सचिव शचि शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजा आनंद सिंह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अल्मोड़ा में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक और छात्राएं शामिल हुईं। इस दौरान सचिव शचि शर्मा ने उपस्थित छात्राओं और शिक्षिकाओं को बालिकाओं की सुरक्षा, उनके अधिकार, बाल विवाह, सती प्रथा, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या और पोक्सो अधिनियम सहित बाल संरक्षण से जुड़े विधिक प्रावधानों की जानकारी दी।

## वरिष्ठ नागरिक समाज के अनुभव, ज्ञान और मूल्यों के प्रतीक : मुख्यमंत्री

### आदर्श चंपावत आदर्श उत्तराखण्ड के निर्माण की दिशा में सशक्त कदम

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जिला पंचायत सभागार, चंपावत में प्रबुद्ध नागरिकों एवं वरिष्ठजनों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के अनुभव, ज्ञान और मूल्यों के प्रतीक हैं। कहा कि हमारे वरिष्ठजन समाज के मार्गदर्शक स्तंभ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श चंपावत केवल एक जिला नहीं, बल्कि ॒आदर्श उत्तराखंड॒ के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत जिले के केवल सिप्टी क्षेत्र में ही 100 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि समूचे जनपद में इससे कहीं अधिक कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि अब तक उनकी ओर से की गई 306 घोषणाओं में से 196 पूरी की जा चुकी हैं, जबकि शेष पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले में साइंस सेंटर का निर्माण पूर्ण हो चुका है, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय का नया परिसर आरंभ हो चुका है और चंपावत को स्मार्ट सिटी मिशन में भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्णागिरि रोपवे परियोजना, शारदा कॉरिडोर और वेडिंग डेस्टिनेशन उत्तराखंड योजना जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से कार्य जारी है। इस अवसर पर दायित्वधारी श्याम नारायण पांडे, अनिल डब्बू, शंकर कोरंगा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रेमा पांडे, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अचला बोहरा, बाराकोट ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सीमा आर्या, भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल मेहरा, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल सहित जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, वरिष्ठ नागरिक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राज्य में होगा सीमांत क्षेत्र विकास परिषद का गठन : धामी

### गुप्तकाशी में मुख्यमंत्री ने किया चतुर्थ सीमांत पर्वतीय बाल विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को गुप्तकाशी में चतुर्थ सीमांत पर्वतीय बाल विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सीमांत क्षेत्रों में सुविधाओं और सेवाओं के विस्तार हेतु राज्य में सीमांत क्षेत्र विकास परिषद का गठन किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत जनपदों में अब ऐसे नवाचार केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी उपयोगी जानकारी और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित चतुर्थ सीमांत पर्वतीय



जनपद बाल विज्ञान महोत्सव के राज्य स्तरीय आयोजन का दीप प्रज्वलित शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न जनपदों से आए बाल वैज्ञानिकों के साथ जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक जल संसाधन एवं संरक्षण, आपदा प्रबंधन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा ऊर्जा संरक्षण आदि विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भव्य आयोजन से सीमांत जनपदों के प्रतिभावान बाल वैज्ञानिकों को नई दिशा और अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि जनता को पारदर्शी और प्रभावी सेवाएं मिलें, इसके लिए अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इस जीआईएस आधारित रिमोट सिस्टम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की योजनाओं से जुड़ी सूचनाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, उपाध्यक्ष महिला बाल विकास ऐश्वर्या रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, जिलाधिकारी प्रतीक जैन, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, प्रधानाचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जाखधार तिलक सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

#### रूद्रप्रयाग जिले में बनेगा आपदा प्रबंधन केंद्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग जिले में आपदा प्रबंधन केंद्र के निर्माण के लिए जिलाधिकारी को कार्ययोजना बनाने के निर्देश देने के साथ ही पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बणसू जाखधार में विभिन्न कार्यों के लिए 50 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, सीमांत क्षेत्र के उद्यमी इंद्र सिंह रावत और सीमांत सेवा फाउंडेशन के डॉ. पाटनी को सम्मानित करने के साथ ही यूकॉस्ट की रुद्रप्रयाग डैशबोर्ड पुस्तक का विमोचन भी किया।

## डबल इंजन साझेदारी का उत्तराखंड को मिल रहा लाभः बीकेटीसी अध्यक्ष

देहरादून। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती धूमधाम से मनाए जाने के सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्णय का स्वागत किया। कहा कि भाजपा सरकार के समय सतत संकल्प के साथ प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है। डबल इंजन साझेदारी का सीधा लाभ उत्तराखंड को मिल रहा है। कहा कि प्रदेश में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर छह नवंबर से 12 नवंबर तक रजतोत्सव मनाया जा रहा है। दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार की डबल इंजन सरकार ने विकास के कीर्तिमान बनाए हैं। केंद्र की ओर से आपदा पैकेज, लंबित परियोजनाओं को मंजूरी, बजट सहायता बढ़ाने का काम किया गया है। मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का विस्तार, हरिद्वार में मेडिकल कॉलेज खोलने को एमबीबीएस की अतिरिक्त 100 सीटों को मंजूरी, अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के लिए भी इसी तरह की सीटें बढ़ाने का संकल्प लिया गया है। कहा कि सीएम धामी के कुशल नेतृत्व में चारधाम यात्रा में रिकार्ड 46 लाख श्रद्धालु चारधाम पहुंच चुके हैं। आपदा के बावजूद तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं तथा दर्शन की व्यवस्था बनाई गई है। जैविक खेती, नये विश्वविद्यालयों की स्थापना, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन योजना, बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, आयुर्वेद एवं तकनीकी को प्रोत्साहन, स्नातक स्तरीय परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच कराई गई। कठोर नकल विरोधी कानून, नया भूस्वामित्व,कानून, युवाओं को रोजगार सृजन, व्यास घाट कोडियाला को जोड़ने वाले सिंगटाली पुल को वित्तीय स्वीकृति दिलाई गई।

# अवैध लेन–देन के आरोप में मुकदमा दर्ज

देहरादून। सरकारी योजनाओं के नाम पर युवाओं को गुमराह कर उनके बचत खाते विभिन्न बैंकों में खुलवाकर अवैध लेन–देन का मामला सामने आया है। एक छात्र की शिकायत पर नेहरू कॉलोनी थाने में आरोपी आशीष कुरैशी और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अवैध लेन–देन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी या अन्य अवैध गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। टी–एस्टेट, बंजारावाला निवासी छात्र आकाश मेहरा ने नेहरू कॉलोनी थाना में दी गई तहरीर में बताया कि कॉलेज के मित्र विनय और आरिश के माध्यम से उसकी मुलाकात आशिफ कुरैशी निवासी इनामुल्ला बिल्डिंग गांधी रोड़ से हुई थी। आशिफ ने उसे सरकारी योजना के तहत खाता खुलवाने पर प्रतिदिन □500 देने का लालच दिया था। जिसमें न्यूनतम 5 बैंक खाते खोलने की शर्त थी। शिकायत के अनुसार आशिफ कुरैशी ने आकाश के लिए नया फोन नंबर लिया और खाते खुलवाने के लिए पैसों की व्यवस्था भी की।

पांच अलग–अलग बैंकों में आकाश दस्तावेजों और नया लिया फोन नंबर देकर बैंक खाते खुलवाए गए।

## अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन निगम की कार्रवाई, कई दुकानदारों के काटे चालान

अल्मोड़ा। नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को अल्मोड़ा बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। लंबे समय से बाजार किनारों पर दुकानदारों और फड़ व्यापारियों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती दिखाई। कार्रवाई के दौरान टीम के पहुंचते ही बाजार में अफरा–तफरी मच गई। कई दुकानदारों ने खुद ही अपने सामान को हटाना शुरू किया, जबकि कुछ के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि नगर की मुख्य बाजार लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में है और बार–बार चेतावनी देने के बावजूद सुधार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के सीजन में बाजार में भीड़ बढ़ जाती है, जिससे पैदल चलने वालों और खरीदारी करने वालों को परेशानी होती है। ऐसे में यदि कोई आकस्मिक स्थिति उत्पन्न होती है तो फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को बाजार में प्रवेश करना मुश्किल हो सकता है।

## विधायक खजानदास ने किया सखी सटल सेवा के 2 नए ईवी वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना

देहरादून। आज परेड ग्राउण्ड से यातायात प्रबन्धन एवं ट्रेफिक जाम से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन देहरादून द्वारा सखी सटल सेवा के 02 नए ईवी वाहन को विधायक खजानदास ने महापौर नगर निगम, जिलाधिकारी सविन बसंल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की उपस्थित में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन परेडग्राउड ओटोमेटेड पार्किंग से 5 किमी के दायरे तक जनमानस को ड्राप करने की सुविधा उपलब्ध है जिससे वे अपने वाहन पार्किंग में पार्क कर सखी वाहन से निःशुल्क जा पाएंगे। इन वाहने के लिए



जल्द ही शहर में 05 चिन्हित स्थानों पर स्टॉप बनाए जाएंगें। आटोमेटेड पार्किंग सहित सह वाहन भी महिला स्वयं सहायता समूह के अधीन रहेंगे। वर्तमान में कृष्णा स्वंय सहायता समूह द्वारा पार्किंग का संचालन किया जा है। स्वयं सहायता समूह को अभी पार्किंग से धनराशि रू0 29120 प्रतिदिन आय हो रही है तथा यह निरंतर बढती जा रही है, तथा सखी वाहन लगने से इसकी आय और अधिक बढेगी।जिला प्रशासन द्वारा ऑटोमेटेड पार्किंग सुविधा के अन्तर्गत फ्री सखी कैब सुविधा का भी शुभारंभ किया गया है, जिसके अन्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, देहरादून को 02 ई०वी० नये वाहन (टाटा पंच) आंवटित किए गए है।

फ्री सखी कैब सुविधा के द्वारा ऑटोमेटेड पार्किंग सुविधा में वाहन पार्क करने वाले वाहन स्वामियों को नजदीकी भीड–भाड़ व व्यस्ततम वाले स्थानों तक छोडने हेतु फ्री कैब सुविधा आज से उपलब्ध है।

# औद्योगिक इकाइयों की उत्पादकता और निर्यात क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने कोटद्वार स्थित उद्योग विभाग के सभागार में आयोजित उद्योग मित्र की बैठक में प्रतिभाग किया। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, सुरक्षा, औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन, निवेश को प्रोत्साहन एवं उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने से संबंधित मुद्दों की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं, जिन्हें सशक्त योजना और बेहतर समन्वय से मूर्त रूप दिया जा सकता है। कहा कि आजीविका हेतु संवाद के चैनल का लगातार बना रहना जरूरी है। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों की उत्पादकता, निर्यात क्षमता और कार्य स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ-साथ सभी हितधारकों के साथ समय-समय पर बैठक कर औद्योगिक क्षेत्रों में स्वच्छता और सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक उद्योग को निर्देश दिए कि औद्योगिक इकाइयों के उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने हेतु आगामी पखवाड़े में उद्योगपतियों के साथ बैठक आयोजित कर विस्तृत निर्यात कार्य योजना तैयार करें।

उन्होंने कहा कि निवेशकों को पौड़ी सहित जनपद के अन्य क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने औद्योगिक अपशिष्ट के निस्तारण हेतु कूड़ा वाहनों से संबंधित शुल्क का भुगतान नियमानुसार सुनिश्चित करवाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने सिताबपुर औद्योगिक क्षेत्र में अवैध पार्किंग, सार्वजनिक स्थलों पर वाहन खड़ा कर शराब सेवन जैसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस विभाग को गश्त बढ़ाने और चालानी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही औद्योगिक आस्थानों के आसपास अवैध अतिक्रमण हटाने, मुख्य गेटों पर गेटकीपर की तैनाती, क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने औद्योगिक



आस्थान की अन्य समस्याओं पर भी संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी लैंसडौन जीवन मोहन दगाड़े, नगर आयुक्त कोटद्वार पी.एल. शाह, उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य, पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल, अधिशासी अभियंता विद्युत नंदिता अग्रवाल, अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्भय सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल सनी चौहान, अध्यक्ष सिडकुल निर्माता संघ सुनील गुप्ता व सचिव विवेक चौहान, सहायक श्रमायुक्त शैलेश सती, खंड शिक्षाधिकारी दुगड्डा अमित चंद, एलडीएम मीनाक्षी शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### स्थानीय एवं हर्बल उत्पादों को एक बैनर के नीचे लाएं

जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर जिले के उद्योगों को भी प्रतिभाग करना चाहिए। साथ ही उन्होंने जिले के स्थानीय एवं हर्बल उत्पादों को एक बैनर के नीचे लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के बेडू तथा अन्य उत्पादों की खरीद के लिए मांग के अनुसार ग्राहक व विक्रेता का टाईअप करना सुनिश्चित करें, जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जा सके। बिजली के लंबित बिलों के भुगतान पर उन्होंने उद्यमों से संवाद कर वसूलियों का भुगतान करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनपीए पर चर्चा करते हुए कहा कि रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार कार्रवाई करें।

#### सात साल में पहली बार कोटद्वार में हुई उद्योग मित्र की बैठक

बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने जिला उद्योग केंद्र परिसर में पौधरोपण भी किया और स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। सात साल बाद कोटद्वार में आयोजित हुई उद्योग मित्र की बैठक में स्थानीय उद्योग प्रतिनिधियों और व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक में जिलाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों और उद्योग विभाग द्वारा मित्रवत वातावरण में प्रतिभागियों के सुझावों को गंभीरता से सुना गया, जिससे व्यापारी समुदाय में उत्साह और सकारात्मकता का माहौल रहा। उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने इस पहल के लिए जिलाधिकारी एवं विभाग का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के संवाद से न केवल औद्योगिक समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com